# कार्यालय क्षेत्रीय प्रबन्धक
# उत्तर प्रदेश परिवहन निगम
# झांसी

पत्रांक–जेआर/स्था0/आ0परि0/2026– 969 दिनांकः– 04/5/2026

मे0 पयोधि इन्फाटेक प्रा0लि0,
नियमित कार्यालय, म0नं0 721, कोपल अस्पताल के पीछे,
सुरेश शर्मा नगर बरेली।
पिन–243001

**विषयः–** **क्षेत्रीय स्तर पर एवं निगम मुख्यालय लखनऊ स्तर पर चयनित सेवाप्रदाताओं को 50 प्रतिशत की अतिरिक्त स्वीकृति कतिपय शर्तों के अधीन प्रदान किये जाने विषयक।**

उपरोक्त विषयक आप विदित हैं कि झाँसी क्षेत्र में पूर्व में स्वीकृत 175+44+88 कुल 307 आउटसोर्स परिचालकों के अधिकांश पदों पर आउटसोर्स परिचालक कार्यरत थे, जिनमें से कुछ आउटसोर्स परिचालक कार्य छोड़ कर चले गये/अन्य क्षेत्रों में भर्ती हो गये, जिस कारण कुल 307 आउटसोर्स परिचालकों के सापेक्ष में वर्तमान में 208 आउटसोर्स परिचालक कार्यरत हैं तथा 99 आउटसोर्स परिचालकों के पद रिक्त हैं। रिक्त पदों को पुनः भरे जाने हेतु उच्च निगम प्रबन्धन द्वारा निर्देश दिये जा रहे हैं, जिसके क्रम में 99 आउटसोर्स परिचालकों के रिक्त पदों को भरा जाना है। जिसका विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र0सं0 | संवर्ग का नाम | वर्तमान में रिक्त पदों का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | सामान्य वर्ग | 37 |
| 2 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 24 |
| 3 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 16 |
| 4 | अनुसूचित जाति | 16 |
| 5 | अनुसूचित जनजाति | 06 |
| | **योग** | **99** |

अतएव उपरोक्तानुसार रिक्त पदों को भरे जाने हेतु आप तत्काल रिक्तियों का विज्ञापन 02 स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों (यथा अमर उजाला/दैनिक जागरण/हिन्दुस्तान) में कराने के साथ–साथ सेवायोजन पोर्टल पर रिक्तियों का विवरण अपलोड कर परिचालक पद पर कार्य करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों के फार्म/आवेदन प्राप्त कर वर्गवार मेरिट के आधार पर सूची व सम्बन्धित अभ्यर्थियों के फार्म समस्त संलग्नकों एवं दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापन की प्रति इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उक्त के अतिरिक्त स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों व सेवायोजन पोर्टल पर विज्ञापन कराते समय निम्न बिन्दुओं का स्पष्ट उल्लेख अनिवार्य रूप से किया जाये –

1. आयु निर्धारण हेतु कटऑफ तिथि का उल्लेख विज्ञापन में किया जाये।
2. सामान्य/ई0डब्ल्यू0एस0/अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग का नाम पोर्टल पर एवं फार्म के कॉलम में अवश्य बनाया जाये।
3. विज्ञापन में वर्गवार/आरक्षणवार रिक्तयों का विवरण अंकित किया जाये।

4. अभ्यर्थी के पास फार्म भरते समय राज्य/केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से निर्गत सी0सी0सी0 का प्रमाण पत्र अवश्य हो।

5. रिक्तयों का विज्ञापन समाचार पत्रों में प्रकाशित कराया जाये तथा उसकी प्रति क्षेत्रीय प्रबन्धक कार्यालय को रिकार्ड स्वरूप प्रस्तुत किया जाये।

6. मूल अभिलेखों के आधार पर वर्गवार मेरिट सूची का निर्धारण किया जाये।

7. रिक्तियों के विवरण का प्रचार–प्रसार सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से किया जाये।

8. अभ्यर्थियों का चयन सेवायोजन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त सूची (इण्टरमीडिएट में प्राप्त प्राप्तांकों के मेरिट के आधार) से किया जाये।

9. चयनित अभ्यर्थियों को झाँसी क्षेत्र के डिपोज में तैनात किया जायेगा।

10. चयनित अभ्यर्थियों को एक सप्ताह का अवैतनिक प्रशिक्षण दिया जायेगा।

11. चयनित आउटसोर्स परिचालकों को कि0मी0 के आधार पर भुगतान किया जायेगा तथा प्रोत्साहन आदि का विवरण निम्नवत् रहेगा –

अ. प्रति कि0मी0 रू0 1.75

ब. माह में 22 ड्यूटी दिवस 5000 कि0मी0 एवं 51 प्रतिशत लोडफैक्टर अर्जित करने रू0 3000/– प्रोत्साहन।

स. रात्रि विश्राम ए श्रेणी नगरों में रू0 68/– प्रति रात्रि एव बी श्रेणी नगरों में रू0 61/– प्रति रात्रि।

शेष नियम व शर्तें परिवहन निगम मुख्यालय, लखनऊ द्वारा समय–समय पर निर्गत सभी परिपत्रों के अधीन रहेंगी।

(संतोष कुमार)
क्षेत्रीय प्रबन्धक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रधान प्रबन्धक (कार्मिक) महोदय, परिवहन निगम मुख्यालय, लखनऊ।
2. प्रधान प्रबन्धक (एम0आई0एस0) महोदय, परिवहन निगम मुख्यालय, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि परिवहन निगम की वेबसाइट पर उक्त आउटसोर्सिंग परिचालक के आबद्धीकरण का विज्ञापन प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
3. सेवा प्रबन्धक, उ0प्र0 परिवहन निगम, झाँसी।
4. सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक (वित्त), उ0प्र0 परिहवन, झाँसी।
5. सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, उ0प्र0 परिवहन निगम, झाँसी/उरई।

क्षेत्रीय प्रबन्धक
झाँसी